संगीत राग-दर्शन

भाग १

(संशोधित तथा परिवर्धित संस्करण)

संपादक

श्री वसंत वामन ठकार

एम्० ए०, संगीत प्रभाकर

मंत्री, गांधर्व महाविद्यालय मंडल प्रकाशन, प्रयाग

प्रथम संस्करण के संपादक

स्व० पं० नारायण मोरेश्वर खरे

संशोधित तथा परिवर्धित चतुर्थ संस्करण ३०००
१९५१

मूल्य
दो रुपया आठ आना

प्रकाशक—गांधर्व महाविद्यालय मंडल प्रकाशन, प्रयाग
मुद्रक—रामप्रताप त्रिपाठी, सम्मेलन मुद्रणालय, प्रयाग

परमपूज्य स्वर्गीय पंडित विष्णु दिगम्बर जी पलुस्कर

जन्म—कुरुंदवाड	निधन—मिरज
तिथि—श्रावण शुद्ध १५, संवत् १९२९	तिथि—श्रावण शुद्ध अष्टमी
(राखी पूर्णिमा)	संवत् १९८८
रविवार, ता० १९ अगस्त, १८७२	शुक्रवार, ता० २१ अगस्त, १९३१

परमपूज्य गुरुवर्य स्वर्गीय पंडित विष्णु दिगम्बर
पलुस्कर जी के चरणकमलों में सविनय और
सादर समर्पित जिनकी तपस्या और साधना
से मृतप्राय संगीतकला का पुनरुद्धार
हुआ है और जिनकी शिक्षा एवं शुभा-
शीषों के फलस्वरूप हमें इस अमर
कला का कुछ परिचय प्राप्त हो
सका है तथा जिनकी प्रेरणा
एवं कृपा से ही प्रस्तुत
कार्य भी संपन्न हो
रहा है।

उद्देश्य

आधुनिक तथा प्राचीन संगीत साहित्य को प्रकाशित करना तथा संगीत की क्रमिक पुस्तकें शुद्ध और शास्त्रीय सिद्धांतों के अनुसार तय्यार करके प्रकाशित करना।

भूमिका

"संगीत राग दर्शन" के प्रथम भाग का चतुर्थ संस्करण संशोधित और परिवर्द्धित रूप में संगीत प्रेमियों एवं विद्यार्थियों की सेवा में उपस्थित करते हुए, आज हमें अत्यंत हर्ष होता है। इधर बहुत दिनों से इस पुस्तक के पुनर्मुद्रण की मांग थी, परन्तु कुछ विशेष कठिनाइयों के कारण हम इस पुस्तक को इसके पूर्व प्रकाशित करने में असमर्थ रहे। आशा है, पाठक हमें इस विलंब के लिए क्षमा करेंगे।

इस संस्करण में हमने उत्तर प्रदेश के हाईस्कूल के संगीत-पाठ्यक्रम, प्रयाग संगीत समिति के द्वितीय वर्ष (ज्यूनियर डिप्लोमा) तथा संगीत की अन्य समकक्ष परीक्षाओं के पाठ्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, कुछ आवश्यक संशोधन किए हैं। कुल १९ रागों में हमने करीब-करीब १२० गीत दिए हैं जिनमें सरगम, राग लक्षण, विलंबित ख्याल, द्रुत ख्याल (तीन ताल, एक ताल, इ०), ध्रुपद, धमार, होली, ठुमरी, भजन आदि का समावेश है। हर राग के साथ उसका विवरण, स्वरविस्तार और तानों सहित दिया गया है। साथ ही साथ विषय-प्रवेश में कुछ रागों का तुलनात्मक विवरण भी है। कुछ अलंकार भी दिए गये हैं जिनके अभ्यास से तानें बनाना तथा गाना सुगम हो सकता है।

सर्वश्री शंकरराव व्यास, बी आर० देवधर, वि० ना० पटवधन, डी० व्ही० पलुस्कर, विनय चन्द्र मौद्गल्य, स० द० आपटे

ने अपनी कुछ अमूल्य स्वर रचनाएं तथा गीत देकर हमे अत्यंत अनुग्रहीत किया है। गीत इस प्रकार हैं :—

(१) श्याम सुंदर—राग तिलंग—श्री शंकर राव व्यास कृत
(२) नयना बसी—राग बिलावल— " " "
(३) गावत सखी—राग कालिंगड़ा— " " "
(४) काहे सजत अंग—राग कालिंगड़ा— " " "
(५) अरेमन मान—राग कालिंगड़ा—श्री० विनयचन्द्र मौद्गल्य कृत (श्री० वि०ना०पटवर्धन कृत "राग विज्ञान")
(६) मूरख छांड़—राग कालिंगड़ा—श्री० वि० ना० पटवर्धन कृत "राग-विज्ञान"
(७) जोगी मतजा—राग भैरवी—श्री० वि० ना० पटवर्धन कृत "राग-विज्ञान"
(८) कान्ह मुरली वाले—राग तिलंग—श्री० बी० आर० देवधर कृत "राग बोध"
(९) आज कैसी ब्रिज में—राग काफी—श्री० बी० आर० देव-धर कृत "राग बोध"
(१०) कैसे रहूँ घर आज—राग काफी—श्री० बी० आर० देवधर कृत "राग बोध"
(११) टेर टेर रसना—राग काफी—श्री० डी० व्ही० पलुस्कर कृत
(१२) प्रेम नदी के तीरा—राग भीमपलासी—शब्दकार—पं० बालकृष्ण राव, स्वरकार-श्री० स० द० आपटे

इस पुस्तक में छपे सभी राग लक्षण, इस पुस्तक के प्रथम संस्करण के संपादक स्वर्गीय पंडित नारायण मोरेश्वर खरे द्वारा रचित हैं।

हम श्री रामनरेश त्रिपाठी तथा पं० बालकृष्ण राव को, जिन्होंने अपनी अमूल्य रचनाओं को छापने की हमें अनुमति दी है, विशेष धन्यवाद देते हैं।

श्री महेश नारायण सक्सेना, तथा गांधर्व महाविद्यालय मंडल, प्रयाग के सदस्यों की विविध प्रकार की सहायता के लिए हम उनके भी आभारी हैं।

इस पुस्तक को शीघ्र छपवाने का प्रबंध करने में, और छपाई तथा कागज संबधी अन्य कार्यों में, जो सहायता और सहयोग, हिन्दी साहित्य सम्मेलन मुद्रणालय के व्यवस्थापक श्री सीतारामजी गुंठे, तथा उनके सहकारियों द्वारा प्राप्त हुआ है उसके लिए हम उन्हें जितना धन्यवाद दें वह कम ही होगा।

पुस्तक की आकार-वृद्धि तथा महँगाई के कारण हमें लाचारी से इस पुस्तक का मूल्य बढ़ाना पड़ा है। इस पुस्तक से संगीत-प्रेमी तथा विद्यार्थी पूरा लाभ उठा सकेंगे, ऐसी हमें आशा है और यदि इसके द्वारा उनकी कुछ भी सेवा हो सकी, तो मैं अपने परिश्रम को सार्थक और सफल समझूँगा।

शुक्रवार, २४ अगस्त, १९५१
श्रावण कृष्ण अष्टमी सं० २००८,
१०७, बाई का बाग, अलाहाबाद

वसंत वामन ठकार
मन्त्री, गांधर्व महाविद्यालय
मंडल प्रकाशन, प्रयाग

सांकेतिक चिह्नों का परिचय

` विकृत स्वर (तीव्र, कोमल) जैसे—रे॒ ग॒ ध॒ नी॒ म॑

. मंद्र सप्तक जैसे—प़ ध़ नी़

। तार सप्तक जैसे—सां रें गं मं

ऽ उच्चारण (स्वरों का) जैसे—सा ऽ रे ऽ

. उच्चारण (अक्षरों का) जैसे—सा ऽ नि
रा . म

⌒ मींड जैसे—प ग
म म॑

कणस्वर स्वरों के ऊपर दिये गये हैं जैसे—ग प

~ गुरू = २ मात्रा जैसे—सा रे

— लघु = १ मात्रा जैसे—सा रे ग

० द्रुत = ½ मात्रा जैसे—सा रे ग म

◡ अणुद्रुत = ¼ मात्रा जैसे—सारेगम

◡◡ अणुअणुद्रुत = ⅛ मात्रा जैसे—सारेगमपधनीसां

’ विश्रांति जैसे—सा ’ रे

१ सम जैसे—सा ऽ रे
रा . म
१

+ खाली जैसे—सा ऽ रे
रा . म
+

(अन्य तालियों के लिए मात्रा के क्रमांक का उपयोग इसी प्रकार होगा)

। एक आवर्त पूर्ण।

॥ गीत के विभाग की समाप्ति।

इस पुस्तक में आए हुए तालों का परिचय

(१) तीनताल—मात्रा १६ विभाग ४ (४-४ मात्रा के) ताली १-५-१३ और खाली ९ पर

मात्रा :—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४ १५ १६ |
बोल :—धा धिं धिं धा धा धिं धिं धा धा तिं तिं ता ता धिं धिं धा |
१ ५ + १३

(२) झपताल—मात्रा १०, विभाग ४ (२-३-२-३ मात्रा के) ताली १-३-८ पर और खाली ६ पर

मात्रा :—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० |
बोल :—धी ना धी धी ना ती ना धी धी ना |
१ ३ + ८

(३) चारताल (पखावज का ताल)—मात्रा १२, विभाग ६ (२-२ मात्रा के) ताली १-५-९-११ पर और खाली ३-७ पर

मात्रा :—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ |
बोल :—धा धा दिं ता किट धा दिं ता किट तक गदि गन |
१ + ५ + ९ ११

(४) एकताल मध्यलय—मात्रा १२, विभाग ६ (२-२ मात्रा के) ताली १-५-९-११ पर और खाली ३-७ पर

मात्रा :—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ |
बोल :—धिं धिं धा त्रक तू ना क त्ता धिं त्रक धी ना |
१ + ५ + ९ ११

(५) एकताल विलंबित—मात्रा १२, विभाग ६ (२-२ मात्रा के) १-५-९-११ पर और खाली ३-७ पर

मात्राः—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ |
बोलः—धिंधिं धागि तिरिकिट तूना कत्ता धागि तिरिकिट धीना |
१ + ५ + ९ ११

(६) तीव्रा (पखावज का ताल)—मात्रा ७, विभाग ३ (३-२-२ मात्रा के) ताली १-४-६ पर, खाली नहीं होगी

मात्राः—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ |
बोलः—धा दिं ता किट तक गदि गन |
१ ४ ६

(७) रूपक—मात्रा ७, विभाग ३ (३-२-२ मात्रा के) सम और खाली पहली मात्रा पर और ताली ४-६ पर

मात्राः—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ |
बोलः—ती ती ना धी ना धी ना |
+ ४ ६

(८) दादरा मात्रा ६, विभाग २ (३-३ के) ताली १ और खाली ४ पर

मात्राः—१ २ ३ ४ ५ ६ |
बोलः—धा धीना धा ती ना |
१ +

(९) कहरवा मात्रा ४, विभाग ४ ताली १-२-४ पर और खाली ३ पर

मात्राः—१ २ ३ ४ |
बोलः—धागि नति नक धिन |
१ २ + ४

(१०) दीपचंदी मात्रा १४, विभाग ४ (३-४-३-४ मात्रा के) ताली १-४-११ पर और खाली ८ पर

मात्राः—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
बोलः—	धा	धिं	ऽ	धा	गे	तिं	ऽ	ता	तिं	ऽ	धा	गे	धिं	ऽ
	१			४				+			११			

(११) सूलताल/या सूरफ़ाक (पखावज का ताल) मात्रा १०, विभाग ५ (२-२ मात्रा के) ताली १-५-७ पर और खाली ३-९ पर

मात्राः—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
बोलः—	धा	धा	दिं	ता	किट	धा	किट	तक	गदि	गन
	१		+		५		७		+	

(१२) धमार (पखावाज का ताल) मात्रा १४, विभाग ४ (५-२-३-४ मात्रा के) ताली १-६-११ पर और खाली ८ पर

मात्राः—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
बोलः—	क	धि	ट	धि	ट	धा	ऽ	क	ति	ट	ति	ट	ता	ऽ
	१					६		+			११			

(१३) विलंबित तीनताल (तिलवाड़ा) मात्रा १६, विभाग ४ (४-४ मात्रा के) ताली १-५-१३ पर खाली ९ पर

मात्राः—	१	२	३ ४	५	६	७	८	९	१०	११ १२
बोलः—	धा	तिरिकिट	धिंऽधि	ना	ना	तिं	तिं	ता	तिरिकिट	धिंऽधि
	१			५				+		

१३	१४	१५	१६
ना	ना	धिं	धिं
१३			

(१४) पंजाबी त्रिताल—मात्रा १६, विभाग ४ (४-४ मात्रा के) ताली १-५-१३ पर और खाली ९ पर

मात्राः—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११
बोलः—धा गधि ऽग धा धागिन धिऽ ग धा ता कतिऽग
१ ५ +

मात्राः—१२ १३ १४ १५ १६
बोलः—धा धागिनधिऽग धा |
१३

(१५) भूमरा—मात्रा १४, विभाग ४ (३-४-३-४ मात्रा के) ताली १-४-११ पर और खाली ८ पर

१ ला प्रकार

मात्राः—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८
बोलः—धिं ऽधा तिरिकिट धिं धिं धागि तिरिकिट तिं
१ ४ +

मात्राः—९ १० ११ १२ १३ १४
बोलः—ऽता तिरिकिट धिं धिं धागि तिरिकिट |
११

२ रा प्रकार

मात्राः—१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९
बोलः—धिं धा तिरिकिट धिं धिं धागि तिरिकिट तिं ता
१ ४ +

मात्राः—१० ११ १२ १३ १४
बोलः—तिरिकिट धिं धिं धागि तिरिकिट |
११

अलंकार अभ्यास

१. सारेग, रेगम, गमप, मपध, पधनी, धनीसां।
सांनीध, नीधप, धपम, पमग, मगरे, गरेसा।

२. सारेगम, रेगमप, गमपध, मपधनी, पधनीसां।
सांनीधप, नीधपम, धपमग, पमगरे, मगरेसा।

३. सारेगग, रेगमम, गमपप, मपधध, पधनीनी, धनीसांसां।
सांनीधध, नीधपप, धपमम, पमगग, मगरेरे, गरेसासा।

४. सासारेग, रेरेगम, गगमप, ममपध, पपधनी, धधनीसां।
सांसांनीध, नीनीधप, धधपम, पपमग, ममगरे, गगरेसा।

५. साग, रेम, गप, मध, पनी, धसां।
सांध, नीप, धम, पग, मरे, गसा।

६. सारेसाग, रेगरेम, गमगप, मपमध, पधपनी, धनीधसां।
सांनीसांध, नीधनीप, धपधम, पमपग, मगमरे, गरेगसा।

७. सारेगसा, रेगमरे, गमपग, मपधम, पधनीप, धनीसांध।
धसांनीध, पनीधप, मधपम, गपमग, रेमगरे, सागरेसा।

८. सागरेसा, रेमगरे, गपमग, मधपम, पनीधप, धसांनीध।
धनीसांध, पधनीप, मपधम, गमपग, रेगमरे, सारेगसा।

९. सारेगरेग, रेगमगम, गमपमप, मपधपध, पधनीधनी, धनीसांनीसां।
सांनीधनीध, नीधपधप, धपमपम, पमगमग, मगरेगरे, गरेसारेसा।

१०. सागरेग, रेमगम, गपमप, मधपध, पनीधनी, धसांनीसां।
सांनीसांध, नीधनीप, धपधम, पमपग, मगमरे, गरेगसा।

अनुक्रमणिका

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३	६	सा ऽ गऽ पऽ	सा ऽग ऽ पऽ
३७	७	सांसां	सांसां
४६	५	पपसां	पपसां
१०३	१२	सांरेंगं	सांरेंगं
१३३	१८	निनिसां	निनिसां
१३३	१८	निंनिंसां	निंनिंसां
१४५	१४	रेसारे	रेसारे
१४५	१९	रेसारे	रेसारे
१५०	५	निनिनि	निनिनि
१७०	७	धऽपऽधम	धऽपऽधम
१७७	१०	सासारे	सासारे

विभिन्नता —(१) खमाज षाडव-सम्पूर्ण राग है (आरोह मे रे वर्जित है)। तिलंग ओड़व ओड़व राग है (रे और ध वर्जित हैं)। (२) खमाज में धैवतका प्रयोग आरोहावरोह में होता है। तिलंग में धैवत वर्ज्य है। (३) खमाज में ध-म की संगति और तिलंग में नी-प की संगति है। (४) दोनों निषादों का प्रयोग खमाज में 'सांनिनि्ध, मप धमग' इस प्रकार, तथा तिलंग में "गमपनिनि् पम"।(५) तिलंग में मध्यम का न्यास है, खमाज में नहीं है। (६) तिलंग में ऋषभ का विवादी-प्रयोग है, परंतु खमाज में ऋषभ का अनुवादी के नाते आवश्यक प्रयोग है। (७) खमाजका मूख्य अंग "ग म प ध नि् ध, म प ध, म ग" है, और तिलंग का "ग म प नि् प म ग" है।

(२) देश और तिलक-कामोद

समता —(१) दोनों खमाज थाट के राग हैं (२) दोनों ओडव-संपूर्ण हैं (गँधार-धैवत आरोह में वर्ज्य हैं)। (३) आरोह में शुद्ध निषाद और अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग दोनों में है। (४) पंचम स्वर का महत्त्व दोनों रागों में वादी या संवादी के नाते हैं। (५) दोनों रागों के पूर्वांग के उठाव में "सारे मप" यह स्वर-क्रम है। (६) उत्तरांग में दोनों में "पनि सां रें सां" "सां, नि् ध प" यह स्वर-प्रयोग हो सकता है (यद्यपि तिलक कामोद में सां, नी धप कम होता है)। (७) ध-म की संगति दोनों में है। (८) दोनों में रे वक्र है। (९) दोनों चंचल प्रकृति के राग हैं।

विभिन्नता —(१) तिलक-कामोद का चलन देश की अपेक्षा अधिक वक्र है। (२) तिलक-कामोद में गंधार और षड्ज

का महत्त्व, तथा देश मे ऋषभ का महत्त्व है। (३) निषाद कोमल का प्रयोग देश का आवश्यक अंग है परन्तु तिलक कामोद में यह विवादी प्रयोग है (४) शुद्ध निषाद का प्रयोग तिलक कामोद में विशेष रूप से होता है—"पंनिसारेग, सा" या "मग, सारेग, सानि"। परंतु बाकी विस्तार निषाद को छोडकर "पधमपसंप ध मग" इस प्रकार होता है। किन्तु देश में शुद्ध निषाद का आरोह में अभ्यास-मूलक बहुत्त्व है (५) गंधार कोमल का विवादी प्रयोग देश की विशेषता है। तिलक-कामोद में यह प्रयोग नहीं है। (६) "पसां" "सांप" और "रेप" की स्वर-संगति का तिलक-कामोद में विशेष महत्त्व है। (७) देश का मुख्य अंग "ध, म, गरे, गनिसा" है और तिलक कामोद का—सारेप, मग, सारेग, सानीं, पंनि सारेग, सा" यह मुख्य अंग है।

(३) देश—सारंग

समता—(१) दोनों के आरोह ओडव हैं (गंधार और धैवत वर्ज्य हैं)। (२) आरोह में शुद्ध निषाद और अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग है। (३) दोनों रागों में ऋषभ और पंचम का वादी या संवादी के नाते महत्त्व है। (४) "मरे मपनि सां;" "रे म प नि सां;" "म प नि सां;" "म प नि सां रे मं रें" इन स्वर समुदायों का प्रयोग दोनों ही रागों में होता है।

विभिन्नता—(१) देश खमाज थाट और सारंग काफी थाट का राग है। (२) देश ओडव-संपूर्ण राग है परन्तु सारंग ओडव-ओडव जाति का राग है। (३) सारंग में प-रे की संगति, किंतु देश में ध-म की संगति है। (४) सारंग का गाने का समय दोपहर का, और देश का रात का है (५) कोमल गंधार का

विवादि-प्रयोग देश में है। किन्तु गंधार स्वर सारंग में वर्ज्य है। (६) देश चंचल प्रकृति का राग है; सारंग अपेक्षाकृत गंभीर है। (७) देश का मुख्य अंग, "ध, म, गरे, ग नि सा" और सारंग का " नि सा रे, मरे, प म नि् प, मरे, नि सा" है।

(४) बागेश्री-भीमपलासी

समता—(१) दोनों काफी थाट के राग है। (२) दोनों ओडव-संपूर्ण हैं (भीमपलासी के आरोह में ऋषभ और धैवत, तथा बागेश्री के आरोह में ऋषभ और पंचम वर्जित हैं)। (३) दोनों में मध्यम वादी और षड्ज संवादी हैं (४) दोनों में सा-म की संगति है। (५) दोनो में "ग् रे सा;" "म ग् रे सा;" "ग् म ग् रे सा;। "नीं् सा म, ग् म ग् रे सा" ये स्वरप्रयोग होते हैं।

विभिन्नता—(१) भीमपलासी काफी थाट के धनाश्री अंग का राग है, किन्तु बागेश्री कानडा अंग का है। (२) बागेश्री में मध्यम-धैवत तथा मध्यम-निषाद की संगति और भीमपलासी में पंचम-निषाद की संगति है। (३) भीमपलासी के आरोह में "ग् म प नी् सां" और बागेश्री में "ग् म ध नी् सां" ऐसा होता है। (४) भीमपलासी में पंचम स्वर आवश्यक है। बागेश्री पंचम के बिना गाई जा सकती है। और उसमें कभी कभी पंचम स्वर का प्रयोग वक्र रूप से होता है:—"सां नी् ध, म प ध म ग्"। (५) बागेश्री को कुछ लोग षाड़व संपूर्ण और कुछ संपूर्ण-संपूर्ण मानते हैं, किन्तु भीमपलासी ओडव संपूर्ण है। (६) बागेश्री में कभी कभी "मग्, रे ग् म" यह होता है (अर्थात् आरोह में ऋषभ का प्रयोग) भीमपलासी में नहीं। (७) भीमपलासी की अपेक्षा बागेश्री में गंधार का महत्त्व अधिक है। (८) बागेश्री का मुख्य

अंग "म ध, नि् ध, म, ग् रे सा" और भीमपलासी का मुख्य अंग "ग् म प, ग् म ग् रे सा" है।

(५) राग भैरव और कालिंगड़ा

समता—(१) ये दोनों राग भैरव थाट के हैं। (२) दोनों ही संपूर्ण जाति के हैं। (३) दोनों में ही ऋषभ और धैवत के कोमल होने से तथा दोनों के संपूर्ण जाति के होने के कारण राग चलन में जरासी असावधानी करने पर एक राग दूसरे के क्षेत्र में प्रवेश कर सकता है। (४) पंचम और मध्यम यह दोनों स्वर इन रागों में महत्त्व रखते हैं। (५) आरोह में "निसागम" यह स्वर प्रयोग दोनों ही में हो सकता है।

विभिन्नता—(१) भैरव का चलन मंद्र सप्तक में अधिक है, और कालिंगड़े का मध्य सप्तक में है। (२) भैरव गंभीर प्रकृति का राग है, कालिंगड़ा के राग-चलन में चपलता अधिक होती है। (३) भैरव में धैवत वादी तथा ऋषभ संवादी हैं, परन्तु कालिंगडे में पंचम वादी तथा षड्ज संवादी हैं। (४) भैरव का चलन सरल तथा विलंबित भाव का है परन्तु कालिंगड़ा की गति वक्र है (५) भैरव में धैवत और ऋषभ आंदोलित हैं, परन्तु कालिंगड़े में ऐसा नहीं है। (६) कालिंगड़े में पंचम के न्यास का एक विशेष महत्त्व है। (७) कालिंगड़े में आलाप के अंत में गंधार पर न्यास एक विशेष रूप से होता है :—"पध् पध् मपध्प, मग, रे्सा" परन्तु भैरव में गंधार पर न्यास नहीं होता है। कुछ विद्वानों के मत में कालिंगड़ा में "नि, सारे्ग" और "ध् प,
नी
गमग" स्वर-समुदाय महत्त्व रखते हैं। (८) भैरव में "सा, ध् ध् प"

ग ग
"म रे् रे्सा" इस प्रकार सा से ध तथा म से रे तक मींड से आते हैं, परंतु कालिंगड़े में मींड का प्रयोग नहीं है (९) कालिंगड़ा चंचल प्रकृति का राग होंने से इसमें मध्यम तीव्र और निषाद् कोमल का विवादी-प्रयोग होता है। तथा इस राग का परज राग से मिश्रण भी करते हैं। (१०) कालिंगड़ा राग के अंतिम प्रहर में गाया जाता है और भैरव प्रातःकाल के प्रथम प्रहर में गाया

निनि ग ग
जाता है। (११) भैरव का मुख्य अंग, "गमध्ध्प, ग म रे् रे् सा" और कालिंगड़े का मूख्य अंग—"पध्मप गमप, ध्प"।

(६) आसावरी और जौनपुरी

समता—(१) ये दोनों राग आसावरी थाट के हैं। (२) दोनों में "रेमप, नि्ध्प" "सारेमप" "सानि्ध्, प, नि्ध्, प" "मप-ध्मप, ग्, रेसा" यह स्वर प्रयोग होते हैं। (३) दोनोंही रागों का वादी स्वर धैवत है। (४) दोनोंही के अवरोह संपूर्ण हैं। (५) तानों में दोनों रागों में "मपध्नी्सां" यह स्वर क्रम हो सकता है।

विभिन्नता—(१) आसावरी ओडव-संपूर्ण, किन्तु जौनपुरी षाडव-संपूर्ण है (जौनपुरी में आरोह में निषाद है)। (२) आसावरी में निषाद का प्रयोग आरोह में केवल तानों में होता है, किन्तु जौनपुरी में यह प्रयोग राग वाचक है। (३) जौनपुरी में आसावरी की अपेक्षा धैवत का महत्त्व कम है, किन्तु पंचम का

म सा
महत्त्व अधिक है। (४) "मपग्, रे, मप" (गंधार पर रुककर

सा
रे, मप द्वारा फिरसे पंचम पर पहुँचकर पंचम का महत्त्व

दिखलाया जाता है) यह स्वर प्रयोग जौनपुरी का आवश्यक अंग है। आसावरी में भी इसका प्रयोग है, परन्तु वह आवश्यक नहीं है। (५) कुछ लोग जौनपुरी में पंचम वादी तथा ऋषभ संवादी मानते हैं। (६) जौनपुरी का मुख्य अंग "मप धृनिधृप, मपधृनीसां,

म सा
निधृप, मपग, रे, मप, नीधृप" है, और आसावरी का मुख्य अंग—मपधृमप, ग,रेसा, रेमपधृ, मपधृसां, रेंनीधृप, मपधृमप, गरेसा"

(ब) रागों में छाया

(१) राग पीलू

यह काफी थाट का संकीर्ण प्रकृति का राग है और इसमें विवादी और अनुवादी के नाते बारहों स्वरों का प्रयोग होता है। इसलिए स्वाभाविक रूपसे इस राग में अन्य रागों की छाया आती है। पीलू राग का चलन विभिन्न रागों के स्वर समुदायों को मिलाकर बनता है। परंतु एक विशिष्ट स्वर समुदाय का प्रयोग पीलू अंग को कायम रखता है:—"निंसाग, रेसा, रेसा, पं, धृं, निंसा"। पीलू में जिन रागों की छाया आती है उनमें से कुछ का वर्णन नीचे किया जा रहा है:—

खमाज की छाया— पीलू में निम्नलिखित स्वर समुदाय गाते समय खमाज राग की छाया आती है:—"निंसागमप, गमप, धप, निधप, गमग; गमपनिसां, निधप, गमग।" परंतु इसके बाद तुरंत "सागमप, धृप, सांप, ग, ग, रेमग, रेसानिं, धृपं, धृं, निंसा" इस स्वर समुदाय द्वारा राग का आविर्भाव होता है।

भीमपलासी की छाया—"मग, प ग म ग रेसा; नि़धप मग" इन स्वर समुदायों में भीमपलासी की छाया दिखती है, परंतु ऐसे स्वर समुदाय अधिक देर तक न गाते हुए इनके बाद "मग रेसानि, प निसाग, निसा, ध, मंप नि, सा" इन स्वर समुदाय द्वारा पीलू प्रकट होता है।

भैरवी की छाया—भैरवी की छाया "ग, मग; पमग; धपमग; नीधप, मग, रेग, सारे सा" इन स्वर समुदायों में आती है किन्तु बाद में "सा रे सानि, ध, मंप, निसा, ग, निसा।"

तिलंग की छाया—"नि सा ग म प, ग म प, म ग; ग म, सा ग म प, म ग, ग म प नि सां" इन स्वर समुदायों में राग तिलंग की छाया पीलू में दिखती है। फिर पीलू का आविर्भाव "नि ध प, ग म ग, ग म प, ग, रे सा नि, सा।"

काफी की छाया—ठुमरी गाते समय पीलू में कुछ स्वर समुदायों का उपयोग काफी की छाया उत्पन्न करता है :—"म प नि सां, नी ध प" "म प, ग म ग, रे सा रे नि सा।" किन्तु बाद में पीलू के विशेष स्वर समुदाय "निं धं पं, मं पं नि सा, ग, निं सा" द्वारा पीलू का आविर्भाव होता है।

(२) राग भैरवी

राग भैरवी में निम्नलिखित रागों की छाया आती है :—

सां सां

मालकंस की छाया— "ग म, ध नी सां, नी ध" "नी, नी नीं सांध; नी ध म ग" इन स्वर समुहों में मालकंस का आभास उत्पन्न होता है किन्तु इन स्वर समुहों के बाद पंचम स्वर का स्पष्ट प्रयोग

करके अथवा " नी ध् म ग्, रे ग्, सा रे् सा, नीं ध्ं सा" इस प्रकार भैरवी को फिर से प्रकट करते हैं।

भीमपलासी की छाया— भीमपलासी की छाया भैरवी के निम्नलिखित स्वर समुदायों में आती है :—"नीं सा ग् म प, प म, ग् म ग् प म, सा ग् म प ग् म प म।" किन्तु इसके बाद भैरवी का आविर्भाव " ग्, रे ग्, सा रे् सा, ध्ं, निं सा रे ग्, रे्, सा" इन स्वर समुदायों द्वारा होगा।

आसावरी की छाया— सा रे म प, ध् प ग्,"(म) "म प नी ध् प, म प ग्" (म) "नी ध् प, म प ध् प म प ग्" इन स्वर समुदायों में भैरवी में आसावरी की छाया आती है। इसके बाद "रे ग्, सा रे म ग्, सा रे् सा ध्ं, (नीं,) नीं सा रे् सा" इन स्वरों को गाने से भैरवी का रूप फिर से उपस्थित हो जाता है।

संगीत राग-दर्शन

राग अल्हैया विलावल

यह राग विलावल थाट से उत्पन्न होता है। इसमें दोनों निषाद का प्रयोग होता है और शेष स्वर शुद्ध लगते हैं। शुद्ध निषाद का प्रयोग आरोह अवरोह दोनों में होता है, पर कोमल निषाद का प्रयोग अवरोह में धैवत के साथ होता है—'धनि्धप'। इस राग की जाति षाडव-संपूर्ण मानी जाती है। आरोह में मध्यम वर्ज्य होता है। बहुधा आरोह में निषाद और अवरोह में गंधार वक्र होता है। वादी स्वर धैवत और संवादी गंधार। गाने का समय प्रातः काल का प्रथम प्रहर। शुद्ध विलावल में सब स्वर शुद्ध लगते हैं। कोमल निषाद के प्रयोग से ही अल्हैया बिलावल होता है। प्रचार में अल्हैया विलावल ही अधिक गाया जाता है।

आरोह :— सा, गरेगप, ध नि सां।
अवरोह :— सां नि ध प, ध नि् ध प, म ग म रे, सा।
पकड़ :— म ग म रे, गप, ध, नि सां।

आलाप

(१) सा, साग, मरे, गप, मगमरे, ग, निंसा।
(२) साग, गरे, गप; गपमग, मरे गपध, धनि्धप; पध, पमग, मरे, ग, निंसा; सा, निंधंनिंसा।

(३) गप, गपध, धप; मगमरे, गपधनि सां; सांनिधनिसां; सां, धनि्धप; पध, पधनि्, धप; गपधनि् धप; मगमरे, गप; मगमरे, गनिसा ।

(४) पपधनिसां; सां; निधनिसां; सांरें, सां; सां, गंरें, गं; नि सां; सांनिधनि्धप, गप, निध, निसां; निधनि्धप; गपधप, मगमरे; गप, मगमरे ग, निसा ।

(५) गरे, गप, ध, निसां; सांरेंसां, सांगं, गंमंरें, गंपं, मंगंमंरें, गंनिसां; सांरेंनिसां, धनि्धप; गपधनिसांनिधनि्धप; धप, मगमरे, सा, ग, प, धनिसां; धनि्धप, मगमरे, ग, निसा ।

तानें

(१) सागरेगपपमगरेसा, गपधनि्धपमगरेसा, गपधनि सांनिधप धनि्धप मगरेसा ।

(२) गगरेग पप मगरे सा, धध पधनि्धपमगरेसा, निनिधनि सांरें सांनि धप मगरेसा ।

(३) सांनिधप मगरेसा, सांरेंसां निधपमगरेसा, गंरेंसांनिधप धनि्धप मगरेसा ।

(४) सारेगपमगरेग पधनि्धपमगरे, गपधनिसांरेंसांनिध निसां गंरेंसांनिधपमगरेसा ।

(५) गपपगपपमगरेसा, धनिनिधनिनिधप मगरेसा, सां रें रें सां रें रें सांनिधपमगरेसा, मंपंपंगंपंपंमंगंरेंसां निध-पमगरेसा ।

(६) पमगरे गपमगरेसा, धनि्धपमग रेगपमगरेसा, सांरें-सांनिधप धनि्धपमग रेगपमगरेसा, मंगंरेंगंपंमंगंरें सांनिधपमगरेसा ।

(७) गपधनिसां, सांनिधपमग रेगपधनिसां, सांरें सांनिधप मगरेग पधनि सां, सांसांगरेंसांनिधप धनिसांनिधप मग रेगपधनिसां, गंरेंसांनिधपमगरेसा।

राग अल्हैया बिलावल–तीनताल (मध्यलय)

स्थायी

सा ऽ ग ऽ	प ऽ ध नि	सां नि ध प	म ग म रे
+	१३	१	५
ग प म ग	म रे ग प	ध नि ध प	म ग रे सा ‖
+	१३	१	५

अंतरा

प प ध नि	सां ऽ सां सां	ध नि सां रें	सां नि ध प
+	१३	१	५
गं रें सां नि	ध नि रें सां	ध नि ध प	म ग रे सा ‖
+	१३	१	५

राग अल्हैया बिलावल–तीनताल (मध्यलय)

राग लक्षण

कहत बिलावल भेद अल्हैया। प्रांत समय गुनि गावत जेहि को। ध-ग सम्वाद करैया॥ संपूरन सुध सुर लेवैया। आरोहन मध्यम तज दैया संग धैवत मृदु नी बिचरैया। गप धनि सानि धप धनि धप मग मरे सुर लेवैया॥

स्थायी

सां नि ध प	म ग म रे	ग प म ग	म रे सा ऽ
क ह त बि	ला · व ल	भे · द अ	ल्है · या ·
+	१३	१	५

ग ऽ ग रे   ग प प ध | प ध निधप   धप म ग म रे
झा ·त स   म य गु नि | गा · · व त   जे हि को · · ·
+   १३ | १   ५

ग ग ग रे   ग पध नि | धनि रें सां   सांनिध प म ग म रे ||
ध ग सं ·   बा · द क | रै · · ·   या . . . .
+   १३ | १   ५

अंतरा

ग ऽ ग रे   ग प ध नि   सां सां सां ऽ   सां रें सां ऽ |
स · न्दू ·   र न सु ध   सु र ले ·   वै · या ·
१   ५   +   १३

ध ऽ ध ऽ   नि सां सां ऽ   सां रें सां नि   ध नि ध प |
आ · गे ·   ह न म ·   ध्य म त ज   दै · या ·
१   ५   +   १३

प ध प ध नी   ध प म ग   ग प म ग   म रे सा ऽ |
सं ग धै · ·   च त सृ द्ध   नी · बि च   रै · या ·
१   ५   +   १३

ग प ध नि   सां नि ध प   ध नि ध प   म ग म रे |
ग प धनि   सा नि ध प   ध नि ध प   म ग म रे
१   ५   +   १३

ग प म ग   म रे सा ऽ ||
सु र ले ·   वै · या ·
१   ५

राग अल्हैया बिलावल—तिलवाडा (विलंबित ख्याल)

दैया कहां गयेलो बृज के बसैया ॥
ना मोरे पंख न पायल और बल, ना कोउ सुध को लेवैया ॥

स्थायी

धपग ऽम | गऽऽरे सा ऽ ऽ ऽ सा ग म रे ऽ ग म प
हैया . . क | हां . . . . ग ये . . . . . .
१३ | १ ५ +

सां

प ऽ प सां नि | सां ऽ ऽ ऽ सां धनि धप ऽ ध ग ऽ म रे ग ऽ ||
लो. वृ ज के | ब . . . सै . . या. . . . . ||
१३ | १ ५ + ||

अंतरा

गं सां

प धनि सां ऽ सां | सां ऽ ऽ सां रें गं ऽ मं रें गं रें सां धनिधपपधपध
ना मोरे पं . ख | ना . . पा य ल . . और ब ल . . . . ना . . .
१३ | १ ५ +

सां

नीधपमग मरे ऽ गप धनि | सां ऽ ऽ सां ध निधप ऽ धग ऽ मरेग ऽ ||
. को . उ . . . . सुधको | ले . . . बै . . या. . . . . ||
१३ | १ ५ + ||

राग अल्हैया बिलावल-झपताल

प्रवल ही श्याम अब दुर्बल ही देख जन झटहि पट झपट कर गज वचायो ॥ गोपही ग्वाल को राख लियो गिरिधर इन्द्र को मान छिन में घटायो ॥ नरहरी रूपधर वरहि सब परिहरो दास प्रह्लाद पर यों नमायो ॥ चक्रधर दास हरि प्रेम के वश भये गोपिधर चोर के दूध पायो ॥

स्थायी

ध ध	रें सां ऽ	ध नि॒	प म ग
प्र व	ल ही .	श्या .	म अ ब
१	३	+	८
रे॒ ग	प म ग	रे॒ ऽ	सा सा सा
हु .	बे ल ही	दे .	ख ज न
१	३	+	८
सा सा	ध ध ध	नी॒ प	ध नि सां
झ ट	हि प ट	झ प	ट क र
१	३	+	८
गं गं	रें सां ऽ	प ऽ	ध नि सां
ग ज	ब चा .	यो .	. . .
१	३	+	८

अंतरा

प ऽ	प ध नि	सां ऽ	सां सां ऽ
गो .	प ही .	ग्वा .	ल को .
१	३	+	८
सां ऽ	गं गं मं	गं रें	ध नि॒ प
रा .	ख लि यो	गि रि	ध . र
१	३	+	८
प ऽ	ध ग प	ध नि	सां सां सां
इ .	न्द्र को .	मा .	न छि न
१	३	+	८
मं ऽ	रें सां ऽ	प ऽ	ध नि सां
में .	घ टा .	यो .	. . .
१	३	+	८

राग अल्हैया बिलावल—चार ताल

तूंहि आद नाद ब्रह्म विष्णु तूंहि महादेव तूंहि गुरु तूंहि चेला।
तूंहि खड्ग तूंहि कपर्द तूंहि आवला कर तूंहि आकर अकेला॥

स्थायी

सां ऽ	सां ध	नी प	ध नि	ध प	म प
आ .	द ना	. द	ब्र .	म्ह वि	. ष्णु
१	+	५	+	९	११
ग म	रे ग	म प	म ग	रे सा	रे सा
तूं .	. ही	. म	हा .	. दे	. व
१	+	५	+	९	११
सा ऽ	ऽ ग	प प	प ऽ	ऽ ध	नि रें
तूं .	. ही	. गु	रू .	. तूं	ही .
१	+	५	+	९	११
सां ऽ	ध नि प	नि ध	प म	रे ग प	ऽ ध नि
चे .	. . .	. ला	. .	. . तूं	. ही .
१	+	५	+	९	११

अंतरा

ग प	प नि ध	सां सां	मां ऽ	सा रें	सां सां
तूं .	हि ख .	. ड्ग	तूं .	हि क	प र्द
१	+	५	+	९	११
सां गं रें	गं मं	गं रें गं रें	सा रें	सां ऽ	ऽ ध
तूं . .	हि .	आ . . .	व .	ला .	. क
१	+	५	+	९	११

नि ध   प ऽ   ग प   ध ऽ   नि प   प ऽ
. र   . .   तूं ही   आ .   . क   र .
१   +   ५   +   ९   ११

ध नि   रें सा   धनिप नि   ध प म   रे ग प   ऽ ध नि
अ .   . के   . . .   . ला .   . . तूं   . ही .
१   +   ५   +   ९   ११

राग अल्हैया बिलावल–तीनताल (मध्यलय)

सुमीरन कर मन राम नाम को, जो कुछ होवे भला होवे बंदे ।
एक दिन वो घर जाना होगा, सोच समझ कर रहना बंदे ॥

स्थायी

ध नि ध प   म ग रे ग प म | ग ऽ रे सा रे ग   म प म ग रे ग
सु मी र न   क . र . म न | रा . म . ना .   . . म को . .
+   १३   १   ५

ग ऽ म रे   ग प नि ध नि | सां सां ऽ ध नि   सां रें नि सां ध प म ग
जो . कुछ हो   . वे . . | भ ला . हो .   . . वे . बं . दे .
+   १३   १   ५

अंतरा

ग प प प   प नि ध नि नि | सां ऽ सां ऽ ध   नि सां रें नि सां
ए क दि न   वो . . घ र | जा . ना . हो   . . . गा .
+   १३   १   ५

सां गं रें मं   गं रें सां सां | ध नि ध प   प ध नि ध प म ग
सो . च स   म झ क र | र ह ना .   बं . . . दे . .
+   १३   १   ५

राग अल्हैया बिलावल—तीनताल (मध्यलय)

नयना बसी मोरी साँवरी, तोरी शाम मूरत सुखमा भरी, नहि देखुं औरन को श्रीहरी ॥ मोर मुगुट पीतांबर सोहे, कानन कुंडल जन मन मोहे. प्रीत करत नित हम तुम पर सखी री ॥

—व्यासकृति

स्थायी

गप ध नि सा नि | सा ऽऽ नि ध प ध नि सां नि ध प म ग रे नी
○ ○ | ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○ ○
नय ना . . व | सी . . . मो रे साँ . . . व . री . . तो
१३ ९ ५ +

ध प म | ग म रे ग प ग म रे सा ग ग ग म रे | ग प ध
री शा म | मू र त सु ख मा ' भ री न हीं दे ' खुं | औ र न
१३ ९ ५ — १३ ९

ध नि सां रें सा नि ध प म ग ||
○ ○ ○ ○ ○ ○ ||
को ' श्री ' ह ' री ' ' ' ||
५ +

अंतरा

ग म रे ग प निध | सां सां सां नी धनी सा धनी धनी सां सां सा |
○ ○
मो र मु गु ट पी ' | तां व र सो ' ' हे का ' न न कुं ड ल |
— १३ ९ ५ + १३

सा रे नि सां ध नि धप ग म रे ग प ध नि | सां सां गं रें सां नि ध प
ज न म न सो ' हे ' प्रीत क र त नि त | ह म तु म प र स खी
९ ५ + १३ ९ ५

सा नि ध प म ग ||
○ ○ ○ ○ ○ ○ ||
री . . . . . ||
+

राग-बिहाग

बिहाग को प्रचार में बिलावल थाट का मानते हैं। इसको अधिकतर दो मध्यम और अन्य स्वर शुद्ध लगाकर गाया जाता है। कुछ गुणीजन बिहाग सब शुद्ध स्वरों से भी गाते हैं। तीव्र मध्यम का प्रयोग पहले तो विवादी के नाते से आरंभ हुआ है, परंतु अब वह राग का एक आवश्यक अंग बन गया है। और इसीलिये कुछ लोग इसे कल्याण थाट का मानने लगे हैं। आरोह में रिषभ और धैवत स्वर वर्जित है। अवरोह संपूर्ण है। जाति ओडव-संपूर्ण। अवरोह में भी ऋषभ और धैवत का प्रमाण अल्प है। तीव्र मध्यम का प्रयोग विशिष्ट प्रकार से होता है, जैसे—'प,म्ग,मग;' 'धप म्पग, मग'। शुद्ध मध्यम का प्रयोग आरोहावरोह में है। वादी स्वर गंधार और संवादी निषाद है। आरोह निषाद से आरंभ करते हैं. जैसे :—'निं साग, मग'। गाने का समय रात का दूसरा प्रहर है।

आरोहः—निं साग म प नि सां।

अवरोहः—सांनिधपम्प गमग, रेनिंसा।

पकड़ः—प, म्प, गमग, रे निं सा।

आलाप

(१) सा, निं सा, ग, रे निं सा, सा ग, म ग, निं सा मग, प म् ग म ग, रे निं सा।

(२) निं सा, निं सा ग, म ग, प म् ग म ग, सा ग प म् ग म ग, ध प म् प ग म ग, ग प म् ग म ग, सा ग प ध ग म ग, रे निं सा, निं, पं निं सा।

(३) सा म ग प, प, ध म् प, ग म ग, ध प म् ग म ग, नि, प ध म् प म् ग म ग, निं सा ग म प म् ग म ग, ग म प नि, ध प म् प, ग म ग, प, ग म ग, म ग, रे निं सा, निं, पं निं सा।

(४) पं निं सा ग, म ग, सा ग, प, ध प, ग म प नि, नि, ध प, प नि, सां नि, ध म् प, नि, ध म् प, ग म ग, निं सा ग म ध प ग म ग, प, ग म ग, ग, निं सा, पं निं सा।

(५) निं सा ग म प नि, ध म् प, प सां नि सां, सां रें नि सां, नि, ध म् प, ग म प नि सां, नि सां. नि, ध म् प प नि सां रें नि सां, नि, ध म् प, सां, नि, ध म् प, प, म्, म्, म्, ग म ग, सा म ग प ध, ग म ग, रे निं सा।

(६) ग म प नि सां, सां नि, प नि सां, सां, रें सां, सां गं, रें नि सां, नि सां गं, मं गं, रें नि सां, नि सां रें नि सां, नि, नि, नि, ध म् प, प नि, प ध म् प, ग म ग, नि सां नि, गं मं गं, नि सां नि, प, ग म ग, सा ग प ध ग म ग, रे निं सा।

(७) ग म प नि सां गं, रें नि सां, सां गं, सां गं मं गं, सां गं पं मं् गं मं गं, गं पं मं् गं मं गं, म गं, रें नि सां, सां नि, ध म् प, ग म प सां नि, ध म् प, नि ध म् प, ध म् प, प म् ग म ग, सा म ग प, प नि, सां, ग म ग, रे निं सा, निं, पं निं सा।

तानें

(१) निं सा रे निं सा, निं सा ग रे निं सा, निं सा ग म ग रे सा निं सा, निं सा ग म प म ग रे सा निं सा, निं सा ग म प नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि सां रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि सां गं रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि सां गं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि सां गं मं पं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा।

(२) निं सा रे निं सा ग म ग रे निं सा, निं सा ग म प ग म प म ग रे सा निं सा, निं सा ग म प ग म प नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प ध ग म प नि सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प ध ग म प नि सां रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि प नि सां गं रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि प नि सां गं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प नि प नि सां गं मं पं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा।

(३) सां नि ध प म ग रे सा, सां रें सां नि ध प म ग रे सा, सां गं रें सां नि ध प म ग रे सा, सां गं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, सां गं मं पं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, पं— मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, मं—गं रें सां नि ध प म ग रे सा, गं—रें सां नि ध प म ग रे सा, रें—सां नि ध प म ग रे सा, सां—नि ध प म ग रे सा।

(४) निं सा ग म प म ग म प नि ध प म् प ग म प नि सां नि ध प म् प ग म ग रे सा, ग म प म् ग म प नि ध प म् प प नि सां रें सां नि ध प म् प ग म ग रे सा, प नि सां नि प

नि सां रें नि सां गं मं गं रें सां नि ध प म् प ग म ग रे सा, निं सा ग म प ध ग म प नि सां रें नि सां गं मं पं मं गं रें सां नि ध प म् प ग म ग रे सा ।

(५) ग म ग रे सा, प ध म् प ग म ग म ग रे सा, नि नि ध प प ध म् प ग म ग रे सा, सां रें सां नि प ध म् प ग म ग रे सा, गं गं रें सां सा रें सां नि प ध म् प ग म ग रे सा, गं पं मं गं सां रें सां नि प ध म् प ग म ग रे सा ।

(६) ग म म ग म म ग म म ग रे सा, म प प म प प म प प म ग रे सा, प नि नि प नि नि प नि नि ध प म ग रे सा, नि सां सां नि सां सां नि सां सां नि ध प म ग रे सा, सां रें रें सां रें रें सां रें रें सां नि ध प म ग रे सा, सां गं गं सां गं गं सां गं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, गं मं मं गं मं मं गं मं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, मं पं पं मं पं पं मं पं पं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा ।

(७) निं सा ग म प नि सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प ग म प नि सां रें सां नि ध प म ग रे सा, सां गं रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म ग सा ग म प नि ध प प नि सां गं रें सां सां गं मं पं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, म म ग म ग रे सा, प प म प प म प प म ग रे सा, नि नि ध नि ध प म ग रे सा, सां सां नि सां सां नि सां सां नि ध प म ग रे सा, गं गं रें गं रें सां नि ध प म ग रे सा, मं मं गं मं मं गं मं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा, निं सा ग म प ग म प नि सां प नि सां गं मं सां गं मं पं मं गं रें सां नि ध प म ग रे सा ।

राग-बिहाग-तीनताल (मध्यलय)

स्थायी

नि सा ग म प म् ग म | ग ऽ म ग रे नि सा
+ १३ | १ ५
प नि सा ग रे सा नि सा | प म् ग म ग रे सा ||
+ १३ | १ ५

अंतरा

ग म प नि सां नि सां | प नि सां गं रें नि सां
+ १३ | १ ५
सां रें सां नि ध प म् प | ग म प म ग रे सा ||
+ १३ | १ ५

राग बिहाग–तीनताल (मध्यलय)

राग लक्षण

गावत मधुर बिहाग राग गुनि, द्वितीय प्रहर निस।
सुध सुर मेल जनित मध्यम मृदु तीवर अरु सो ॥
आरोहन में रि-ध न लगावत, संपूरन प्रतिलोम कहावत ॥
ग- नि वादी संवादी संमत उलट पुलट सुर संगत साधत।
औडव षाडव अरु संपूरन भेद बतावत ॥

पं० खरे शास्त्री

स्थायी

सा ग म प प नि नि | सां रें नि सां नि ध नि सां नि ध म् प ग म ग रे
गा व त म धु र बि | हा ऽ ऽ ऽ ग रा ऽ ऽ ग गु नि द्वि ति य प्र
+ १३ | १ ५ +

ग म नि ध म् प | ग म ग रे नि सा सा नि प प नि सा सा सा सा |
ह ॰ र ॰ नि स | सु ध सु र मे ॰ ल ज नि त म ध्य म मृ दु |
१३ १ ५ + १३

ग म प ध ग म ग रे सा रे नि सा ||
ती ॰ ॰ ॰ व र अ रु सो ॰ ॰ ॰ ||
१ ५

अंतरा

गम गम पप निध नि सां सां सां सां रें सां सां | नि नि नि सां ध नि
आ रो ह्न मे रि ध न ल गा ॰ व त | स म्पू र न प्र ति
१ ५ + १३ १ ५

ध नि सां नि सां नि ध नि म् प | गनि धमप ग म ग रे ग म प ध
लो . म क हा . . व त | ग नि वा . . दी . सं . वा . . .
+ १३ १ ५ +

ग म ग रे नि सा | नि प नि नि सा सा ग रे ग म प ध ग म ग रे नि सा |
दी स म्म त | उ ल ट पु ल ट सु र सं . . . ग त सा . ध त |
१३ १ ५ + १३

सा म ग प प प प नि ध नि सां नि ध नि म् प | ग म प ध
औ ड व षा ड व अ रू सं . . पू . . र न | भे . . .
१ ५ + १३ १

ग म ग रे नि सा ||
इ ब ता . व त ||
५

राग विहाग—धमार ताल

जय राम रूप अनूप निर्गुण सगुण गुण प्रेरक वही ।
दश शीश बाहु प्रचंड खंडन चाप शर मंडन मही ॥

पाथोद गात सरोज मुख राजीव आयत लोचनं ।
नित नौमि राम कृपालु बाहु विशाल भव भय मोचनं ॥

स्थायी

ग म | ग निं सा सा ऽ रे सा निं ऽ म निं
ज य | रा . म रू . प अ नू . प नि
१ ६ + ११

सा सा सा | निं सा सा ग ग ग प प नि
र गु ण | स गु ण गु ण प्रे . र क
१ ६ +

ध ध
प म ऽ ग म | प नि नि सां ऽ सां सां नि ऽ
व ही . द श | शी . श बा . हु प्र चं .
११ १ ६ +

प ध म प म ग | ग ऽ ग ग म नि ध म
ड खं . . ड न | चा . प श . र मं .
११ १ ६

प प म ग रे निं सा ||
. ड न म ही . . ||
+ ११

अन्तरा

रें
ग म | प नि नि सां ऽ सां सां सां ऽ सां सां
पा . | थो . द गा . त स रो . ज मु
१ ६ + ११

नि ग म | प नि नि सां ऽ गं मं गं नि सां
ख रा . | जी . व आ . य त लो . च
१ ६ +

नि ऽ सां पं मं | गं नि सां सां ऽ रें सां
नं . नि त . | नौ . मि रा . म क्र
११ १ ६

नि म प ध म प ग म | ग ऽ ग ग म नि
पा . लु वा . . हु वि | शा . ल भ . व
+ ११ १

ध म प ग म ग रे निं सा ||
भ . य मो . च नं . . ||
६ + ११

राग विहाग–झपताल

सखी आज नंद नंद सुख कंद मुखचंद
हसत आनंद सो मची होरी ॥
एक संग ग्वालन श्याम सो बात कर
ऋत बृज नार मिल राधा गोरी ॥

स्थायी

प नि | सां ऽ सां नि ध नि ध म प प ध प |
स खी | आ . ज नं . द नं . . द सु ख |
१ ३ + ८

ग ऽ म प म ग ऽ रे निं सा सा | निं सा प
कं . द मु ख चं . . . द | ह स त
१ ३ + ८ १ ३

प ऽ ध म प म ग ऽ | ग ग म प ध ग म
आ . नं . . द सो . | म ची . . . . .
+ ८ | १ ३

ग सा ग म ||
हो . री . ||
+ ८

अन्तरा

प ऽ प नि नि सां ऽ सां सां ऽ | सां ऽ सां
ए . क सं ग ग्वा . ल न . | श्या . म
१ ३ + ८ | १ ३

रें नि सां नि ध म प प सां नि | सां गं मं
सो . . वा . . . त क र | ऋ त .
+ ८ | १ ३

प मं गं रें नि सां सां रें सां | नि ऽ ध म प ऽ
बृ ज ना . . . र मि ल | रा . धा . . .
+ ८ | १ ३

ऽ म ग म ||
. गो री . ||
+ ८

राग बिहाग—विलम्बित तीनताल

ख्याल

कैसे सुख सोवे नींदरिया, श्याम मूरत चित चढ़ी ॥
सोच सोच सदारंग अकुलाय, या विध गांठ परी ॥

स्थायी

ग रे नि सा नि सा नि सा म | ग ऽ रे नि सा
कै से . . . . . . सु ख | सो . . . .
\+ १३ १

सा ऽ ऽ ऽ सा ऽ नि सा ऽ सा रे नि सा नि ऽ |
ब . . . नीं . . . . द . रि . या . |
५ + १३

ऽ ऽ प धं म् पं ऽ ऽ ऽ ऽ सा म ग म म
. . . . श्या म मू र त
१ ५ + १३

म ग रे ग म | प ऽ नि ध नि ध म प
. . . . चि | त . च . . ढि . .
१ ५

ऽ म् ग म ||
. . . . ||

अन्तरा

प ऽ सां सां ऽ ऽ नि सां ऽ | सां ऽ ऽ ऽ
सो . च सो . . . . . | च . .
\+ १३ १

सां नि सां नि ध नि नि सां रें नि सां नि
स दा . . . . र
५ +

ध म प ऽ म् ग म प म | ग ऽ रे नि सा ऽ सा
ग . . . . . . अ कु | ला . . . . . ये
१३ १ ५

ऽ ऽ ऽ सा म ग ऽ ग म प सां | नि ऽ
. . . या वि ध . गा . ठ प | री .
+ १३ १

ध म प ऽ ऽ म ग म ||
. . . . ||
५

राग बिहाग–तीनताल (मध्यलय)

सकल भुवन उसके गुण गावे ।
जाके मुख पर तेज विराजे, जो सबके सुख में सुख पावे ।।
सुन्दर यौवन रूप वृथा सब, जो न चरित अति दिव्य दिखावे ।
प्रेम निकेतन सरल सचेतन, जन्म सफल कर सुयश कमावे ।।

पं० रामनरेश त्रिपाठी

स्थायी

साम गम पप निध | सां रें नि सां नि सां नि धनि म प गम ग रे
स क ल भु व न उ स | क . . . गु ण गा . . वे . जा . के .
+ १३ १ ५ +

ग म नि ध म प | ग म ग रे नि सा सा नि प नि नि सा ग रे |
मु . ख . प र | ते . ज वि रा . जे जो . स ब के सु ख |
१३ १ ५ + १३

ग म प ध ग-म ग रे ग नि सा ||
मे . . . सु ख पा . . वे . ||
१ ५

अंतरा

ग म ग म प नि ध | नि सां सां सां सां रें सां नि नि सां
सु ंन्द र यौ व न | रू . प वृ था स ब जो न च
\+ १३ १ ५ +

नि ध म् प | प नि नि ध नि सां नि नि सां रें सां नि ध प ध
रि त अ ति | दि व्य दि खा . . वे प्रे . म नि के . त .
१३ १ ५ + १३

म् प | ग म प म ग रे सा रे निं सा ऽ सा ग म प प नि नि |
न . | स र ल स चे . त . न . . ज न्म स फ ल क र |
१ ५ + १३

प नि सां गं गं रें सां नि ध प म ग ||
सु य श क मा . . . वे . . . ||
१ ५

राग विहाग—तीनताल (मध्यलय)

जय रामचन्द्र कमला विहार। जय कौशलेश करुणावतार ॥
रघुवंश कमल कानन दिनेश। कंदर्प कोटि कमनीय वेश ॥

स्थायी

सा निं सा म ग प ऽ प नि ध | सां रें नि सां नि ध म् प प ग म
ज य रा . म चं . द्र कम | ला . . . वि हा . . र जय
\+ १३ १ ५

ग ग ग ऽ म ग रे | ग म प ध म ग रे निं सा ||
कौ श ले . श करु | णा . . . व ता . . र ||
\+ १३ १ ५

अंतरा

ग म प नि नि नि सां सां नि ध | नि सां सां सां ऽ सां सां नि
र घु वं . श क म ल का . | न न दि ने . श कं .
+ १३ १ ५

सां मं गं सां रें नि सां नि प ध म् प | ग प म ग रे निं सा सा ||
द . प को . . . टि क . म . | नी . . य वे . . श ||
+ १३ १ ५

राग विहाग—तीनताल (मध्यलय)

अपनो कबहूँ कर जानि हो। राम गरीब निवाज राज मनि।
विरुद लाज उरझानी हो॥
शील सिन्धु सुन्दर सब लायक। समरथ सदगुण खानी हो।
पाले हो पालक पुनि पालउ, प्रणत प्रेम पहिचान हो॥

स्थायी

निं सा ग ग म प नि ध | सां रें नि सां ऽ नि नि ध म् प ग म
अ प नो क ब हूँ क र | जा . . . . नि हो . . . रा .
+ १३ १ ५ +

ग रे ग म प ध म् प | ग म ग रे सा निं रे सा सा निं पं पं निं सा
म ग री . व . नि . | वा . ज . रा . ज म नि वि र द ला .
१३ १ ५ + १३

सा ग म | ग म प ध ग म ग रे सा ||
ज उ र | झा . . . . नी हो . . ||
१ ५

अंतरा

ग म प नि नि नि सां सां सां सां नि ध सां नि | ध म प ऽ
शी ल सि . न्धू सुं द र स व ला . . य | क . . .
१ ५ + १३ १

ग म ग ग ग म प सां नि ध म प | सां नि सां ऽ ऽ
स म र थ स द गु णी खा . . . | . नी हो . .
५ + १३ १ ५

नि सां गं रें सां नि | ध नि रें सां नि ध म प ग म ग ग
पा ले हो . पा . | ल क पु नि पा ल . हू प्र ण त मे
+ १३ १ ५ +

ऽ ग ग रे | ग म प ध ग म ग रे सा ||
. म प हि | चा . . . . नी हो . . ||
१३ १ ५

राग कल्याण

यह कल्याण थाट का आश्रय राग है। इसमें मध्यम तीव्र लगता है और अन्य सब स्वर शुद्ध। इसकी जाति संपूर्ण-संपूर्ण है। वादी स्वर गंधार और संवादी निषाद है। इस राग के आरोह में षड्ज और पंचम को वर्ज्य करने का प्रचार है, जैसे:—'निंरेगम्प; म् धनिसां'। जब दो गंधारों के बीच शुद्ध मध्यम का प्रयोग किया जाता है, तब इसे जैमिनी-कल्याण अथवा यमन कल्याण कहते हैं, जैसे:—'प, म्, गमग, रेगरे, निंरेसा'। गाने का समय रात का पहला प्रहर है।

आरोह:—नींरेग म्धनिसां।

या, सा रे ग म् प ध नि सां।

अवरोह:—सांनिधप म्गरेसा।

पकड:—निंरेग, रे, पम्ग, रेग, निंरे, सा।

आलाप

(१) सा, निंधंनिंरे, सा, निंरेग, गरे, निंरे, सा।

(२) निंरेग, ग, रे, म्ग, गम्प, म्ग, गरे, निंरेगरे, निंरे, सा।

(३) निंरेगम्प, प, म्ग, गम्प, म्ध, प, म्धनि, धप, धपम्ग, रेग निंरेनिंग, निंरेसा।

(४) निंरेगम्धनि, धप, म्धनिसां, सां, निध, निरें, निरेंगंरेंसां, सांनिधपम्धनि, ध, म्ध, प, म्ग, गरे, म्ग, प, रे, सा।

(५) गग म्ध, प, म्धनिसां, निरें, निरेंगं, गंरें, मंगं, परेंगं, रें, निरें, सां, सांनिध, प, गम्ध, प, म्ग, रेगप, रेग, निंरेनिंग, रे, निरे, धनिरे, धनिसा ।

तानें

(६) निरेगरेनिसा, निरेगम्पम्गरेसा, निरेगम्धनिधपम्गरेसा, निरेगम्धनिसांनिधपम्गरेसा ।

(७) गम्पम्गरेसा, गम्पधपम्गरेगम्पम्गरेसा, गम्पधनिधपम्-गम् पधनिसांनिधपम्गरेसा,ग म्पधनिसांनिधपम्गम्पधनि-सारेंसांनिधपम्गरेसा ।

(८) गगरेसा, म्म्गरे, धधपम्, निनिधप, सांनिधपम्गरेसा, निरेगम्प, गम्पधनि म्धनिरें, गंरेंसांनिधपम्गरेसा ।

(९) सांनिधनिसांनिधपम्गरेसा, सांनिधनिसारेंसांनि धनिसांनि धपम्गरेसा, निरेगरेसानिधनिरेंसांनिधपम्गरेसा ।

(१०) गगरेगगरेगगरेसासा, धधपधधपधधपम्, रेंरेंसांरेंरेंसांरेंरें सांनि,गंगंरेंगंगंरेंगंगंरेंसांनिधपम्गरेसा ।

(११) निरेगम्पम्गरे, गम्पधपम्गरे, गम्पधनिधपम्गरे, गम्-पधनिसांनिधपम्गरे, गम्पधनिरेंगंरेंसांनिधपम्गरे, गम्धनि रेंगंमंपंमंगंरेंसांनिधपम्गरेसा ।

(१२) निरेगम्प, पम्गरेगम्प, म्धपम्गरेगम्प, म्धनिधपम्गरेग म्प, म्धनिरेंसांनिधपम्गरेगम्प, म्धनिरेंगंमंपंमंगंरेंसांनिधप म्गरेगम्प, म्धनिधपम्गरेगम्पम्गरेनिसा ।

राग कल्याण—तीन ताल (मध्यलय)

स्थायी

नि	ध	ऽ	प	म्	प	ग	म्	प	ऽ	म्	ऽ	ग	ऽ	रे	ऽ
+				१३				९				५			

सा निं सा ग रे म ग रे | सा ग रे सा सा निं धं ऽ
+ १३ १ ५

सा रे ऽ रे ग ऽ प म् | ध प ऽ म् ग म प ध
+ १३ १ ५

अन्तरा

नि नि ध ध प म् ग रे
१ ५

ग प ऽ ग ग म ऽ ध | सां ऽ ऽ रें सां नि ध ऽ
+ १३ १ ५

गं रें सां नि ध ऽ सां ऽ | नि ध प म् ग रे सा ऽ
+ १३ १ ५

ग ग ग प प प ध नि | प ऽ ध प म् ग रे सा
+ १३ १ ५

सा सा रे रे ग ग म् म् | प ध प म् ग म् प ध ||
+ १३ १ ५

राग यमन कल्याण—तीनताल (मध्यलय)

राग लक्षण

गावत गुनि शुभ कल्याण राग, निस प्रथम याम, सब तीवर सुर सों, लेत मधुर आलाप तान ॥ सुर ग नी वादी संवादी, शेष अनुवादी, सरल सम्पूरन रूप सुहाग बतावत, अरु कोमल मध्यम लव युत, मधुर करत जैमिनी भेद आन ॥

स्थायी

सा निं धं निरे ग रे निं रे सा निं | धनि धं पं ऽ पं निं धं
गा . . व त गु नि शु भ क . | ल्या . ण रा . ग नि स
\+ १३ १ ५

सा सा सा सा निं रे सा निं | सा ऽ ग रे ग म प म ग म ग रे
प्र थ म या . म स व | ती . व र सु र सो . ले . त म
\+ १३ १ ५ +

ग रे निं रे | ग म प म रे ग रे ||
धु र आ . | ला . . प ता . न ||
१३ १ ५

अंतरा

म ध
प ग | प प ऽ प म ध ध ऽ नि ध प ग ऽ नि म प | ग म ग रे
सु र | ग नी . वा . दि सं . वा . दी शे . प अ नु | वा . दि स
१ ५ + १३ १

ग प म ग रे ग रे सा सा निं ऽ रे ग रे | निं सा निं धं निं धं पं पं
र ल . सं . पू . र न रू . प सु . | हा . ग व ता . व त
५ + १३ १ ५

सा निं रे ऽ ग म ग रे | ग म प म प प सा नि धनि ध प
अ रु को . म ल म . | ध्यम लव यु त म धु र क र त
\+ १३ १ ५ +

प
म प ग रे | ग म प म रे ग रे ||
जै . मिनी | भी . . द आ . न ||
१३ १ ५

राग यमन कल्याण–चारताल

पारब्रह्म परमेश्वर पुरुषोत्तम परमानन्द, नन्द नन्दन आनन्दकन्द जसोदानन्द श्री गोविन्द ॥ दीनानाथ दुख भंजन पद्मनाभ मधुसुदन, वासुदेव बनवारी बृजपति यदुनन्द नन्दन ॥

स्थायी

प म्	ग ग	रे ग	ध प म्	ग म	ग रे
पा .	र ब्र	. म्ह	प र .	मे .	श्व र
१	+	५	+	९	११

ग म्	प ऽ	ध प म्	ग म	ग रे ग	रे सा
पु रु	षो .	त्त म .	प र	मा . न	. न्द
१	+	५	+	९	११

निं	ऽ	धं	निं	सा	सा	सा	ग	रे	ग	ऽ	ग
न	.	न्द	न	न्द	न	आ	न	न्द	क	.	न्द
१		+		५		+		९		११	

सा	नि	ध	नि	ध	प	प	ऽ	म	ग	रे	ग
ज	शो	दा	न	.	न्द	श्री	.	गो	वि	.	न्द
१		+		५		+		९		११	

अन्तरा

ग	म्	ध	सां	ऽ	सां	सां	सां	सां	ऽ	सां	सां
दी	ना	.	ना	.	थ	दु	ख	भं	.	ज	न
१		+		५		+		९		११	

नि	ऽ	ध	नि	सां	सां	सां	रें	सां	नि	ध	प
प	.	द्म	ना	.	भ	म	धु	सू	.	द	न
१		+		५		+		९		११	

सां गं गं मं रें सां नि सां ध ऽ प ऽ |
वा . सु दे . व ब न वा . री . |
१ + ५ + ९ ११

ग म प ध नि ध म ध प म ग रे ग ||
ब्र ज प ति य दु नं . द . नं द न ||
१ + ५ + ९ ११

राग कल्याण-वि० एकताल (ख्याल)

कह सखी कैसेके करिये, भरिये दिन ऐसे लालन के संग ॥
सुनरी सखी मैं का कहूँ तोसे, उनही के जानत ढंग ॥

स्थायी

ग रे ग नीं रे नीं सा ऽ नीं धं | सा सा नीं धं निं ऽ ऽ
कै स खी कै . . . . से के | क . . . . . .
९ ११ १

धं पं ऽ नीं धं निं सा ऽ निं सा ऽ ऽ सा ऽ रे ऽ | नीं रे
री ये . . . भ री . . . . . ये . दी . | न .
+ ५ + ९ ११ १

निं सा ऽ नीं धं निं ऽ निं ऽ ग ऽ रे रे ग ग ऽ ग ऽ रे |
. . . . . ऐ . से . . . ला ल . न . के . . |
+ ५ + ९ ११

म ग प ध म प ऽ रे ऽ ग ऽ रे ऽ धं ऽ नीं ऽ सा ||
. . . . सौं . . . . . ग . . . . ||
१ + ५ + ९

अंतरा

नि
ग ग म् ध सां ऽ नि सां ऽ | सां ऽ सां रें नि सां ऽ नि ध ऽ
सु न री स खी . . . . | मैं . का . . . . . क हूं .
९ ११ | १ + ५

सा
सां सां नि ध नि ऽ ऽ ध प प ऽ ऽ प ऽ ग ऽ प ऽ रे ऽ ऽ | प प
तो . . . . . . से . . . . उ . न . ही . कैं . . | जा .
+ ९ ११ १

नि रें
ध नि नि प प ध नि सां ऽ ऽ ध प रे ऽ ग ऽ रे ऽ ध ऽ नि ऽ सा ||
. . . . न त ह . . . . . ग . . . . ||
+ ५ + ९

राग-कल्याण—तीनताल (मध्यलय)

अँखिया रामरूप अनुरागी।
श्याम वरन मन हरन माधुरी, मूरत अति प्रिय लागी॥
सुन्दर वदन मदन शत शोभा, निरख निरख रस पागी।
रत्नहरि पल टरत न टारी, परम प्रेम रंग रागी॥

स्थायी

नि ध नि ध प म् प ग म् | प प रे रे सा सा नि ध नि
रा . . म रू . प अ नु | रा गी अँ खि या श्या म व र
+ १३ | १ ५ + १३

रे ग ग | रे ग प रे ग रे सा नि रे ग रे ग म् ध प |
न म न | ह र न मा . धु री मू . र त अ ति प्रि य |
१ ५ + १३

म ध नि सां नि ध प रे रे सा ||
० ० ० ० ० ०
ला . . . . . गी अँ खि या ||
१ ५

अंतरा

प प प प प ध प प | सा सा सा सा सां नि रें सां नि ध
० ०
सु . द र व द न म | द न श न शो . . भा नि र
\+ १२ १ ५ +

नि सां नि ध म प | म ध नि सां नि ध प नि रें गं रें
ख नि र ख र स | धा . . . . . गी र . त्न ह
१३ १ ५ +

सां नि ध नि ध प | रें रें ग प रें सा नि रें ग म ध नि म प |
० ० ० ०
रि . . . प ल | ट र त न टा री प र स प्रे . म रं ग |
१३ १ ५ + १३

ग म प ध नि ध प रे रे सा ||
० ० ० ० ० ०
रा . . . . . गी अ खि या ||
१ ५

राग यमन कल्याण—तीन ताल (मध्य)

अवगुण न कीजिये गुनि सन, का जाने गुन
की सार औगुनी, गुनी जाने गुन की सार ॥
बड़ी बेर समझे नही समझत, बेर बेर
कौन कहे एक बेर कह दीन्ही, कौन कहे यह बार बार ॥

स्थायी

नि सा
अ व

रे	ग	प	रे	ग	रे	सा	ऽ	ग	रे	ग	ग	प	म्	ग	म
गु	न	न	की	.	जि	ये	.	गु	नि	स	न	का	.	जा	.
+			१३					१				५			
ग	रे	सा	नि	धं	पं	ऽ	पं	ग	ऽ	ग	ग	ऽ	रे	नि	रे
ने	.	गु	न	की	सा	.	र	औ	.	गु	नी	.	गु	नी	.
+				१३				१				५			
ग	रे	ऽ	सा	नि	रे	ग	रे	ग	म्	प	ऽ	रे	ग	रे	
.	जा	.	ने	गु	न	की	.	.	.	.	.	सा	.	र	
+				१३				१				५			

अंतरा

ग	ग	ऽ	प	ऽ	प	सां	ध
व	डी	.	बे	.	र	स	म
१				५			

सां	ऽ	सां	सां	सां	रें	सां	सां	ध	नि	ध	नि	सां	सां	ध	नि
झे	.	न	ही	स	म	झ	त	बे	.	र	बे	.	र	कौ	.
+			१३					१				५			
ध	प	प	म्	ग	ऽ	रे	ग	ऽ	रे	नि	सा	रे	ऽ	सा	ऽ
न	क	हे	.	ए	.	क	बे	.	र	क	हे	दी	.	न्ही	.
+				१३				१				५			
धं	नि	धं	नि	सा	ऽ	नि	रे	ग	ऽ	प	रे	ग	रे		
कौ	.	न	क	हे	.	य	ह	बा	.	र	बा	.	र		
+				१३				१				५			

राग भूपाली

यह राग कल्याण थाट से उत्पन्न होता है। इसके आरोहावरोह में मध्यम और निषाद वर्ज्य हैं। इसलिए इसकी जाति ओडव-ओडव है। सब स्वर शुद्ध लगते हैं। गाने का समय रात्रि का प्रथम प्रहर है। वादी स्वर गंधार और संवादी धैवत है। विश्रांति स्थान षड्ज, गंधार और पंचम हैं। धैवत पर अधिक न्यास नहीं होना चाहिए। पूर्वाङ्गवादी राग होने से पूर्वाङ्ग में ही स्पष्ट होता है।

आरोहः—सा रे ग प ध सां।

अवरोहः—सां ध प ग रे सा।

पकड़ः—ग, रे, सा धं, पं धं सा रे ग, ध, प ग, रे, सा।

आलाप

(१) सा, सा रे, सा रे ग, गरे, सा रे, सा धं, पं धं सा।

(२) सा रे ग, ग रे, ग प, ग रे, ग प ध, प ग, रे, ग प, ग रे, ग रे, सा रे ग, रे, सा रे सा धं, पं धं सा।

(३) सा रे ग प, ग रे, ग प ध, ध प, प ग रे, ग प ध सां, सां, ध प, प ग, ध प, ग प, ग रे, ग रे सा धं, पं धं सा।

(४) ग रे, ग प ध प, ग रे, ग प ध सां, सां रें, सां ध, प ध सां, ध प, प ध, प ग रे, प, ग रे, ग, रे, सा रे सा धं, पं धं, सा।

(५) सा रे ग प ध सां, ध सां रें, सां रें, सां ध, प ध सां रें गं, गं

रें, सां रें सां ध, सां, ध प, ग प ध, प ध, प ग रे, सा रे ग प, ग रे, सा धं, पं धं सा ।

जलद तानें

(६) सा रे ग रे सा, सा रे ग पग रेसा, सा रे ग पं ध प ग रे सा, सा रे ग प ध सां ध प ग रे सा ।

(७) ग रे ग प ग रे सा, ग प ध प ग प ग रे सा, ध सां रें सां ध सां ध प ग रे सा, सां रें गं रें सां रें सां ध प ग रे सा ।

(८) ध प ग प ध प ग रे सा, सां ध प ध सां ध प ग रे सा, रें सां ध सां रें सां ध प ग रे सा, गं रें सां रें गं रें सां ध प ग रे सा ।

(९) सा रे ग प ग रे, ग प ध सां ध प, ध सां रें गं रें सां, ध सां रें सां ध प, ग प ध सां ध प, रे ग प ध प ग, सा रे ग प ग रे, सा रे सा धं सा ।

(१०) ग ग रे ग प प ग रे सा, ध ध प ध सां सां ध प ग रे सा, रें रें सां रें गं रें सां ध प ग रे सा, ग ग रे रे, प प ग ग, ध ध प प, सां सां ध ध, रें रें सां सां, गं गं रें रें, पं पं गं रें, सां सां ध प ग रे सा ।

(११) सारेगरे, गपगरे, गपधपगरे, गपधसांधपगरे, गपधसांरें सांधपगरे, गपधसांरेंगं रेंसांधपगरे, गपधसां रेंगंपंपंगंरें सां सां ध प गरे सा ।

राग भूपाली—तीनताल (मध्यलय)

स्थायी

ग	प	ग	रे	गरे	सारे	प	ऽ	ग	ऽ	ग	ऽ	रे	रे
+				१३		१				५			

ग ऽ प प ध ऽ सा ऽ | सा ध प ग ध प ग रे ||
+ १३ १ ५

अंतरा

ग ग ग प प प साध | सा ऽ सां सा सा रें सां सां
+ १३ १ ५
सारें गंरें सारें सा ध | प सा ध प ध प ग रे ||
+ १३ १ ५

राग भूपाली—तीनताल

राग लक्षण

गावत सुन्दर मेल सुसंगत बरज म-नी भूपाली रुचिर सुर।
मंगलमय कल्याण मेल युत ग-ध वादी संवादी सोहत ॥
प्रथम याम निस गेय सुसंमत पंचम तृतीय सुरन की संगत।
उलट पुलट सुर की गुनि साधत रचना प्रभाव शाली सुसंगत ॥

पं० खरे शास्त्री

स्थायी

ग प ध सां ध प ग रे सा रे | प ग ग रे ग प ध प
ग‌ा . . . व त सु . न्द र | मे . ल सु सं . ग त
+ १३ १ ५

ग ग ग रे ग प प ग | ग प ध प प रे रे सा सा
ब र ज म नी . भु . | पा . . ली रु चि र सु र
+ १३ १ ५

अंतरा

ग ऽ ग ग प प सां ध | सां ऽ सां सां ऽ रें सां सां
मं . ग ल म य क . | ल्या . ण मे . ल यु त
+ १३ | १ ५

ध सां ध सां सां ऽ रें ऽ | सां रें गं रें सां ध ऽ प प
(० under सां and रें)
ग ध वा . दी . सं . | वा . . दी . सो . ह त
+ १३ | १ ५

ध गं गं रें ऽ सां ध ध | ध सां रें सां ध ऽ प प
प्र थ म या . म नि स | गे . य सु सं . म त
+ १३ | १ ५

प ऽ ग ग प प ध प | ग रें ग रे सा ऽ सा सा
पं . च म तृ ति य सु | र न की . सं . ग त
+ १३ | १ ५

सा सा रे रे ग ग प प | ध ऽ ध ध सां ध सां सां
